लीले पे सवार हो गया | by Puja Nathani

भक्तों से मिलने अर्ज़ियाँ सुनने
लीले वाला लीले पे सवार हो गया
खाटू वाला लीले पे सवार हो गया

दरबार श्याम के आजा अर्ज़ी तू अपनी सुना जा
जो जग से छुपाये फिरता है वो श्याम को आके बता जा

मंगलकारी आएंगे भक्तों का मंगल करने
लखदातारी आएंगे सबकी झोली भरने
आएंगे श्याम के सब प्यारे
बड़ी ज़ोर लगेंगे जैकारे
जो है अनुरागी वो बड़भागी
श्याम धणी का दीदार हो गया
प्रेमी जनो का प्रेम देख के सांवरा भी उनपे निसार हो गया
भक्तों से मिलने ....

होगी जमघट भक्तों की मिलेंगे श्याम दीवाने
तुम भी दर पे आ जाना अपनी अर्ज़ सुनाने
सच्चे दरबार की जय बोलो
सच्ची सरकार की जय बोलो
गोलू जिसने श्री श्याम भेजा
उसका तो बेडा पार हो गया
श्री लखदातारी परिवार श्याम का
उत्सव को तैयार हो गया
भक्तों से मिलने ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-puja-nathani/